दोहरे क्रेडिट कार्यक्रम

छात्र सफलता पहल के माध्यम से, ओंटारियो के माध्यमिक स्कूल छात्रों की व्यक्तिगत अध्ययन शैलियों और रुचियों को पूरा करने में मदद के लिए विस्तृत कार्यक्रम उपलब्ध करा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए छात्र विभिन्न प्रकार के नए और उन्नत शिक्षण विकल्पों के माध्यम से माध्यमिक स्कूल के अपने अनुभवों को अनुकूल बना सकते हैं। इन विकल्पों में दोहरे क्रेडिट, विशेष उच्च कौशल मेजर और सहकारी शिक्षा शामिल हैं।

ये कार्यक्रम सभी छात्रों को सीखने की प्रक्रिया और स्नातक व उससे आगे की शिक्षा की बेहतर तैयारी में संलग्न करके, सभी छात्रों की आवश्यकताओं, रुचियों और मजबूत पक्षों को पूरा करने में मदद करते हैं।

दोहरा क्रेडिट कार्यक्रम क्या हैं?

- दोहरा क्रेडिट कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम हैं जिनसे छात्र, जब वे माध्यमिक स्कूल में ही हैं, कॉलेज या एप्रेंटिसशिप पाठ्यक्रम ले सकते हैं जो ओंटारियो सैकंडरी स्कूल डिप्लोमा (ओ.एस.एस.डी.) और पोस्ट-सैकंडरी प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, डिग्री या एप्रेंटिसशिप के प्रमाणपत्र के समान होते हैं।
- मंत्रालय द्वारा अनुमोदित दोहरा क्रेडिट कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले ओंटारियो के सार्वजनिक कोष से चलने वाले कॉलेजों द्वारा पूर्णत: या आंशिक तौर पर कराए जा रहे पाठ्यक्रमों के जरिए छात्र अपने माध्यम स्कूल डिप्लोमा के लिए क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। कॉलेज-प्रदत्त पाठ्यक्रमों के जरिए छात्र चार वैकल्पिक क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं।

टीम द्वारा पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के जरिए अर्जित किए जाने वाले सेकंडरी क्रेडिट की संख्या या प्रकार पर कोई सीमा नहीं है। ये पाठ्यक्रम कॉलेज के प्रशिक्षकों और सेकंडरी स्कूल के टीचर्स द्वारा संयुकत रूप से प्रदान किए जाते हैं, जिनमें छात्र ओंटारियो सेकंडरी स्कूल पाठ्यचर्या से मिलते-जुलते या उसके समान पाठ्यचर्या और कॉलेज पाठ्यचर्या (करिकुलम) पर एक साथ काम करते हैं।

दोहरे क्रेडिट कार्यक्रमों से छात्रों को कैसे लाभ होता है?

दोहरे क्रेडिट कार्यक्रमों में भागीदारी करने से छात्रों को मदद मिलती है कि वे:

- अपना ओंटारियो सेकंडरी स्कूल डिप्लोमा पूरा कर सकें
- कॉलेज या एक एप्रेंटिसशिप कार्यक्रम में सफल प्रवेश करें
- उन्हें उपलब्ध विभिन्न कॉलेज और एप्रेंटिसशिप के तरीकों के बारे में स्वयं को और जागरूक बनाएं
- शिक्षा और कैरियर प्लानिंग के निर्णयों पर अधिक गहराई से विचार कर सकें।

दोहरे क्रेडिट कार्यक्रमों में किसे शामिल किया जाना चाहिए?

- बोर्ड या स्कूल की छात्र सफलता टीम मामले के अनुसार निर्धारित करती है कि किस छात्र को मंत्रालय द्वारा अनुमोदित 'दोहरे क्रेडिट कार्यक्रम' में दाखिल किया जाएगा।
- मुख्य रूप से उन छात्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जिनके सफल होने की संभावना होती है लेकिन उनके माध्यमिक स्कूल से ग्रेजुएट नहीं होने का जोखिम है और ऐसे छात्र जो माध्यमिक स्कूल की पढ़ाई पूरी होने से पहले ही स्कूल छोड़ गए थे और अब स्कूल लौटे हैं।
- स्पेशलिस्ट हाई स्किल्स मेजर (SHSM) कार्यक्रम और ओन्टेरियो यूथ अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम OYAP) के छात्र भी दोहरे क्रेडिट कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु पात्र हैं।

ISBN 978-1-4606-1263-7 (PDF) (Hindi) © ओंटारियो के लिए क्वीन्स प्रिंटर, 2016

कॉलेज-प्रदत्त दोहरे क्रेडिट पाठ्यक्रम लेने वाले छात्रों की सहायता और निरीक्षण कौन करता है?

- कॉलेज निरीक्षक द्वारा प्रदान किए गए निर्देशों और पर्यवेक्षणों के अतिरिकत, सेकंडरी स्कूल दोहरे क्रेडिट टीचर दोहरे क्रेडिट पाठ्यक्रम लेने वाले छात्रों को आवश्यक सहायता और पर्यवेक्षण प्रदान करते हैं।
- छात्रों को विभिन्न प्रकार की कॉलेज सहायता और सेवाएं भी उपलब्ध होती हैं।

डुअल क्रेडिट पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों में छात्रों के परिणाम कैसे रिकॉर्ड किए जाते हैं?

- **कॉलेज-प्रदत्त पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा हुआ***: माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य छात्र के ओंटारियो स्टूडेंट ट्रांसक्रिप्ट (ओ.एस.टी) पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानों के अनुसार, उपयुकत क्रेडिट मान रिकॉर्ड करते हैं। कॉलेज उस छात्र के कॉलेज ट्रांसक्रिप्ट पर उपयुकत कॉलेज क्रेडिट मान रिकॉर्ड करता है।
- **कॉलेज-प्रदत त एप्रेंटिसशिप कार्यक्रम सफलातापूर्वक पूर्ण हुआ***: माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य छात्र के ओ.एस.टी पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानों के अनुसार, उपयुकत क्रेडिट मान रिकॉर्ड करते हैं। अधिकांश मामलों में यदि छात्र एक पंजीकृत प्रशिक्षु है, तो प्रशिक्षण, कॉलेज और यूनिवर्सिटी मंत्रालय भी स्कूल के आंतरिक प्रशिक्षण में लेवल 1 की एप्रेंटिसशिप पूरा करने को रिकॉर्ड करता है।
- **टीम द्वारा पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा हुआ**: ओंटारियो पाठ्यचर्या से अपेक्षाओं की उपलब्धियों को ओ.एस.टी. पर रिकॉर्ड किया जाता है, और कॉलेज पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं की उपलब्धि को छात्र के कॉलेज रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है।

* सफलतापूर्वक पूरा होना कॉलेज के मानकों द्वारा निर्धारित होता है।

दोहरे क्रेडिट कार्यक्रम कहां दिए जा रहे हैं?

माध्यमिक स्कूलों वाले सभी सत तर स्कूल बोर्डों और एप्लाइड आर्ट और टेक्नोलॉजी के सभी ओंटारियो कॉलेज माध्यमिक स्कूल के छात्रों को दोहरे क्रेडिट अर्जित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

मुझे अधिक जानकारी कैसे मिलेगी?

स्थानीय दोहरे क्रेडिट कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अपने स्कूल के प्रधानाचार्य या स्कूल बोर्ड में छात्र सफलता नेता से संपर्क करें, या यह वेबसाइट देखें **www.ontario.ca/studentsuccess/**